### बिना नंबर की बोलेरो से पहुंचाई जा रही थी शराब की खेप, 3 व्यक्ति गिरफ्तार

# अवैध कारोबार से बढ़ा आक्रोश, ग्रामीणों ने पकड़ी 25 पेटी अंग्रेजी शराब की अवैध खेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

लायसेंसी दुकानों से गुर्गों के माध्यम से गांव गांव शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। अवैध बिक्री का कारोबार बेखौफ तरीके से हो रहा है। ठेकेदारों ने इस तरह सेटिंग जमाई है कि पुलिस को सब कुछ ओके ही नजर आ रहा है जबकि गांव गांव बिक रही अवैध शराब से त्रस्त लोग प्रदर्शन करने को विवश हो रहे हैं। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम बरनमहागमा में ग्रामीणों ने अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गत सुबह ग्रामीणों ने एक बिना नंबर वाली सफेद बोलेरो कार को रोककर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त कराई और तीन आरोपियों को पुलिस के हवाले किया।





#### ग्रामीणों का आरोप, सूचना पर भी पुलिस नहीं करती कार्यवाही

जानकारी के अनुसार ग्राम बरनमहागमा के निवासी लंबे समय से क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब के परिवहन से परेशान थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस को बार-बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी, जिससे उनमें गहरा आक्रोश था। बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने एक संदिग्ध सफेद बोलेरो, जिस पर नंबर प्लेट नहीं थी को गांव की ओर आते देखा तो उन्होंने एकजुट होकर उसे सड़क पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर वाहन के अंदर शराब की पेटियां लदी पाई गईं। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना खितौली पुलिस चौकी को दी।

सूचना मिलते ही खितौली चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब वाहन की सघन तलाशी ली, तो उसमें 25 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब की अनुमति कीमत 97हजार 800 बताई जा रही है

शराब का अवैध परिवहन करने पर पुलिस ने अजीत सिंह, मनोज कुमार और संतोष सिंह के विरूद्ध कार्यवाही की है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां खपाने की योजना थी। ग्रामीणों के इस साहसी कदम की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।



# 2 लाख 28 हज़ार रुपए की अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

#### आबकारी अमले ने की कार्रवाई, 8 प्रकरण किये गये पंजीबद्ध

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक दो क्षेत्रांतर्गत ग्राम अधारकाप, निमियाहार, मछरियाडेरा में दविश दी गई।

जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के बताया कि दबिश के दौरान 20 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं नदी किनारे प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 2 हजार 250 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 2 लाख 28 हज़ार रुपए है। जब्त महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च, के तहत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े, वृत कटनी क्रमांक 02 प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके, आँचल प्रजापति एवं आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया, राम सिंह, चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, सैनिक प्रभुलाल सेन और रवि शंकर तिवारी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### चर्चों पर तैनात होंगे पुलिस बल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**कटनी।** आज गुरुवार को मनाए जाने वाले क्रिसमस-डे पर्व के दौरान जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न गिरजाघरों (चर्च) में आयोजित होने वाले प्रार्थना एवं अन्य कार्यक्रमों में अत्यधिक भीड़ एकत्रित होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने पर्याप्त पुलिस बल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को तत्काल जिला मुख्यालय और अनुभाग स्तर पर स्थित गिरजाघर संस्थाओं व समितियों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुये पर्याप्त पुलिस बल एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगाये जाने निर्देश दिये हैं।

### विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**सिलौंडी।** सिलौंडी के श्रीराम बाग स्टेडियम में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 25 दिसंबर गुरुवार से हो रहा है जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उद्घाटन मैच में शामिल होगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 30000 हजार रुपया और शील्ड , उप विजेता को 15000 रुपया और शील्ड के साथ मैन ऑफ दा सीरीज , मैन ऑफ दा मैच के साथ अनेक पुरुस्कार प्रदान किये जाएंगे। क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, जिला मंत्री प्रशांत राय , सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय , आयोजन समिति से संतोष काछी ,सौरभ सेन और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से खिलाड़ियों का सम्मान और पुरस्कार में का वितरण प्रतियोगिता के समापन समारोह में करेंगे। विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

### कमलेश बनें जिले के पहले राहवीर, मिलेंगे 25 हजार

**कटनी।** कमलेश निषाद जिले के पहले राहवीर बन गये हैं। बीते 26 जुलाई को पंचवटी ढाबा के समीप घटित सड़क दुर्घटना में घायल युवक को गोल्डन आवर में जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाकर घायल की जान बचाने के लिये 34 वर्षीय कमलेश निषाद को राहवीर योजना-2025 के तहत 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा कटनी के खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड थाना कोतवाली निवासी कमलेश निषाद पिता ननकू निषाद निवासी कटनी के नाम का अनुमोदन प्रस्ताव राहवीर योजना के लिये राज्य सड़क सुरक्षा समिति को प्रेषित किया गया था। यह घटना बीते 26 जुलाई की रात्रि 9.50 बजे पंचवटी ढाबा के पास घटित हुई थी। जहां सड़क दुर्घटना में उमरिया जिला निवासी 28 वर्षीय विपिन तिवारी पिता हरिनारायण तिवारी गंभीर रूप से घायल हुये थे। घायल विपिन तिवारी को तत्परता पूर्वक राहवीर कमलेश निषाद ने गोल्डन आवर में जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाकर घायल की जान बचाई थी। जहां परीक्षण के उपरांत घायल के पैर के ओपन ग्रेड 3 बी पटेला फ्रैक्चर में चोट पाई गई। इस पर घायल को शल्य क्रिया हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चोट गंभीर प्रकृति की श्रेणी में आती है और राहवीर कमलेश निषाद द्वारा किये गये सराहनीय कार्य की वजह से घायल को गोल्डन आवर में ईलाज मिला। जिसके कारण घायल की जिंदगी बचाई जा सकी। कलेक्टर श्री तिवारी ने सड़क दुर्घटना में घायल की मदद कर जिले के पहले राहवीर बनने पर कमलेश निषाद की प्रशंसा करते हुये बधाई दी। घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में लोगों से मदद की अपील की है। गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार और सम्मान पत्र से सम्मानित करने का प्रावधान है।

#### पुलिस, खनिज एवं राजस्व कर्मियों की टीम ने की कार्रवाई

# संयुक्त दल ने रेत खदानों का किया औचक निरीक्षण, अवैध खनन पर दो वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध सघन जांच अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त अमले द्वारा बड़वारा तहसील एवं बरही तहसील स्थित रेत खदानों का औचक निरीक्षण किया।



उपसंचालक खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा बड़वारा तहसील के अंतर्गत इमलिया, लोहरवाड़ा, कुम्हारवाड़ा, सूरजपुर एवं बरही तहसील अंतर्गत छिंदहाई पिपरिया, जाजागढ़, बहिर्घटा, बसाड़ी, सुतरी, सलैया, नदावन ग्रामों में स्वीकृत रेत खदानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत खदानों में खनन कार्य संचालित होना नहीं पाया गया। जबकि ग्राम नादावान सुतरी के पास स्वीकृत रेत खदान से रेत का खनन कर बिना दस्तावेजों के परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। जिसे बरही पुलिस थाना में खड़ा कराया गया। निरीक्षण में समीप ही महानदी में उमरिया जिला अंतर्गत खैरवार खदान संचालित होना पाया गया ।

जिले में 49 रेत खदानें स्वीकृत है। जिनमें माइनिंग कॉर्पोरेशन द्वारा अक्टूबर माह तक एमडीओ मेसर्स धनलक्ष्मी मर्चेडाइज़ प्रा.लिमि. नर्मदापुरम के पक्ष में आवंटित और संचालित थी। वर्तमान में रेत खद्दानों के रिटेण्ड्रिंग की कार्यवाही शासन स्तर से प्रक्रियाधीन है। जिला प्रशासन की संयुक्त दल द्वारा स्वीकृत खदानों के एप्रोच रोड को भी चिन्हित किया गया एवं उपलब्ध खनिज की जानकारी ली गई।

निरीक्षण में एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, तहसीलदार बरही प्रसन्न कुमार वर्मा, थाना प्रभारी बरही, उपसंचालक खनिज आर के दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक बरही कमलकांत परस्ते सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्कूल शिक्षा मंत्री से तीन सूत्रीय मांगों पर की गई विस्तृत चर्चा



शासकीय शिक्षक संगठन ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर संगठन के तीन सूत्रीय ज्ञापन पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे एवं प्रांतीय महासचिव जितेंद्र शाक्य के साथ राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। शासकीय शिक्षक संगठन के तीन सूत्रीय ज्ञापन में संवर्ग के शिक्षकों के सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से, अनुकम्पा नियुक्ति में नियमों का सरलीकरण और ट्रायबल के स्कूलों का शिक्षा विभाग में मर्जिकरण की मांग विशेष रहे ।स्कूल शिक्षा मंत्री ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा की। उक्त चर्चा के दौरान जो तथ्य सामने आए उनके अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति के मामले में बहुत कुछ सहूलियत होने जा रही है, ट्रायबल के स्कूलों के स्कूल शिक्षा विभाग में मर्जिकरण का मामला अब समान्य प्रशासन विभाग पहुंच गया है और अब निराकरण के नजदीक है ।सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से का मामला कुछ तकनीकी कारणों से लम्बित हो रहा है जिनके निराकरण के लिए मंत्रालय स्तर पर कार्यवाही प्रचलन में है और शासकीय शिक्षक संगठन भी अन्य वरिष्ठ संगठनों के साथ मिलकर बाधा दूर करने का प्रयास कर रहा है। शासकीय शिक्षक संगठन ने स्कूल शिक्षा मंत्री के सकारात्मक रुख का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# तहसीलदार को हटाने किसानों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कलेक्टर आशीष तिवारी बुधवार को बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के दौरे पर थे वे एसडीएम कार्यालय पहुंचें जहाँ किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव किसानों की समस्याओ को लेकर किसानों के साथ कलेक्टर से मिले व किसानों की समस्याओ से अवगत कराया जिस पर कलेक्टर से तहसीलदार बहोरीबंद नेहा जैन की शिकायत की गईं। कहा गया कि तहसीलदार कार्यालय पर समय पर नही आती न रहती, जिस कारण किसानों को कामकाज को लेकर परेशान होना पड़ता है जिस पर किसानों ने कलेक्टर से मांग कि की तहसीलदार नेहा जैन की मनमानी पर विराम लगाया जायेगा व उन्हें तत्काल बहोरीबंद से हटाया जाये जिस पर कलेक्टर ने किसानों को आश्वासन दिलाया कि समस्या दूर हो जायेगी।



किसानों ने कलेक्टर से कहा कि पुराने राजस्व अभिलेख की नकल प्राप्त करने बड़ा समय लग जाता है जिस कारण समय पर काम नही हो पाता। कलेक्टर ने आश्वासन दिलाया कि दो माह में सभी रिकार्ड ऑनलाइन हो जायेगा फिर जल्द से जल्द पुराने राजस्व अभिलेख ऑनलाइन मिल जाया करेगा।

कलेक्टर के जाने के बाद तहसीलदार नेहा जैन व किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के बीच कहासूनी हुई। किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अवधेश यादव ने तहसीलदार पर आरोप लगाते हुये कहा की कलेक्टर से किसानों की समस्याओ को लेकर तहसीलदार की शिकायत कर दी गईं तों क्या गलत है, जो तहसीलदार धमकी दे रही है कि मै तुम्हे देख लूंगी। वही तहसीलदार नेहा जैन का कहना था कि अवधेश यादव के द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे है, मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की कोई धमकी नही दी गईं है।

#### उमरियापान पुलिस को मिली सफलता, 1.43 लाख की सामग्र बरामद

# 31 बोरी खाद, 20 बोरी गेहूं एवं स्कूटी चोरी के मामले में 2 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

सामुदायिक मंगल भवन मंगेला से शासकीय खाद एवं गेहू चोरी करने तथा विगत दिनों शासकीय अस्पताल उमरिया पान प्रांगण से स्कूटी चोरी करने वाले शातिर चोरों को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि संतोष कुमार श्रीवास पिता रतिराम श्रीवास निवासी सिलौडी ने उमरियापान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की 25 नवंबर की सुबह 11 बजे शासकीय अस्पताल उमरियापान ईलाज कराने स्कूटी क्रं. MP 20 SK 2747 से गया था। इसी बीच अस्पताल प्रांगण से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी एक्टिवा स्कूटी चोरी कर ले गया। पुलिस ने घटना के बाद धारा 303(2) बी.एन.एस. का प्रकरण पंजीबध्द किया था।



इसी प्रकार अतुल गर्ग पिता सीताराम गर्ग 38 वर्ष निवासी विछिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई की सामुदायिक भवन मंगेला में रखी शासकीय खाद की 31 बोरी एवं गेहू की 20 बोरी कोई अज्ञात चोर 4 दिसंबर से 18 दिसंबर के बीच चोरी कर ले गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में उमरियापान पुलिस ने चोरी किये गए माल की वरामदगी एवं आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की। संदेह के आधार पर आरोपी गोपी उर्फ शनि पिता राजेश कोल 19 वर्ष निवासी मंगेला देवरी एवं अजय पिता गोटीलाल कोल 19 वर्ष निवासी मंगेला देवरी थाना उमरियापान को पकड़ा। पूछताछ करने पर शासकीय अस्पताल से स्कूटी एवं सामुदायिक भवन मंगेला रखी शासकीय खाद की 31 बोरी एवं गेहू की 20 बोरी चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से करीबन 1 लाख 43 हजार 700 रूपये की वरामदगी की गई।

कार्यवाही मे थाना प्रभारी उप.निरीक्षक. दिनेश तिवारी, उप निरी.भरत सिंह मार्को, सउनि कोदूलाल दाहिया, Asi गया प्रसाद मंगोरे, प्र.आर. जितेन्द्र सिंह, प्र.आर. अजय तिवारी, प्र.आर. आशीष झारिया, प्र.आर. अजय सिंह, प्र.आर.योगेन्द्र सिंह, आर. योगेश पटेल, आर.नीलेश पटेल, आर.रोहित झारिया, आर.मोहन मुबेल, आर. जगन्नाथ सिंह, आर. अनिल पांडेय, आर.मनोज कुम्हरे, आर.सतेन्द्र चौरसिया एवं महिला आरक्षक दुर्गा शुक्ला, सैनिक संतोष दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### निगमायुक्त ने सब्जी मंडी, पडरवारा आईएचएसडीपी बस्ती का किया निरीक्षण

# दुकानदारों की हद का निर्धारण कर सब्जी मंडी में आवागमन बनाये सुगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार को गुरूनानक वार्ड स्थित बिलैया तलैया सब्जी मंडी , आई.एच.एस.डी योजनान्तर्गत अमीरगंज पडरवारा बस्ती में निर्मित भवनों तथा वाटर बॉडी रिजूवेशन के योजना के तहत मसूरहा घाट में कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम बिलैया तैया सब्जी मंडी पहुंची। यहां उन्होंने सब्जी मंडी की प्रत्येक गलियों तथा समस्त प्रवेश मार्गो बजाज बैग हाउस मार्ग, बिलैया तलैया मंदिर मार्ग एवं गुरुनानक मार्केट मार्ग का पैदल भ्रमण कर वहां की वर्तमान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निगमायुक्त द्वारा सब्जी मंडी में निगम प्रशासन द्वारा निर्मित कराई गई कुल दुकानों एवं उनकी तत्समय की संरचनाओं की जानकारी ली जिस पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा बताया गया कि पूर्व में सब्जी मंडी में 237 दुकान निर्माण कराकर आवंटित की गई थी। निगमायुक्त द्वारा वर्तमान में दुकानों के संचालन करने वालों की जानकारी संकलित कर अवगत कराने के निर्देश राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को दिए। निरीक्षण के दौरान कई स्थलों पर मरम्मत की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार छोटे कार्यों की मरम्मत का प्रस्ताव तैयार करने, मंडी परिसर की रोजाना सफाई करानें तथा दुकानदारों की हद का निर्धारण करते हुए मंडी में आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आईएचएसडीपी योजनांतर्गत पड़रवारा बस्ती के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बस्ती की गलियों पहुंचकर भवनों की संरचनाओं एवं वर्तमान में निवासरत लोगों की स्थिति का जायजा लिया। सहायक यंत्री सुनील सिंह द्वारा योजना के संबंध में जानकारी दी कि ब्लाक ए में कुल 162 भवन निर्मित कराये गए थे। प्रत्येक आवास की अनुदान राशि उपरांत कुल लागत 1.38 लाख रूपये है। निर्मित आवासों में 119 लोगों को भवन आवंटन की कार्यवाही पूर्व में की जा चुकी है। जिस पर शेष आवासों में वर्तमान की स्थिति में अनाधिकृत रूप से निवासरत लोगों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश सहायक यंत्री सुनील सिंह को दिए। निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के स्थानीय निवासी सजदा बी से चर्चा कर भवन की पात्रता परीक्षण एवं भवन आवंटन की प्रक्रिया, बिना आवंटन निवासरत लोगों की जानकारी ली जाकर समस्त भवनों का पुनः सर्वे कराने तथा नवीन प्राप्त आवेदनों की पात्रता का परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# आज होंगी विशेष ग्राम सभायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुक्रम में शुक्रवार, 26 दिसंबर को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि विशेष ग्राम सभाओं के सम्मिलन की कार्यवाही का निर्धारित एजेंडा के अनुसार सम्यक संचालन सुनिश्चित कराने हेतु एक नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि ग्राम सभाओं के समुचित संचालन हेतु पंचायत राज संचालनालय भोपाल में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विजन विकसित भारत@ 2047 के परिपेक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट, 2025 (मनरेगा) के स्थान पर विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वी बी-जी राम जी (विकसित भारत- जी राम जी) अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। इसके महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा 26 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। ग्राम सभाओं में ग्रामीण श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के परिवारों एवं कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। विशेष ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित कराने निर्देश दिये हैं।

## खबर संक्षेप

### बड़वारा को नगर परिषद बनाने तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

**बड़वारा।** समाज सेवा विकास संस्था बड़वारा के पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बड़वारा को नगर परिषद का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाजसेवी मैना सिंह ने बताया कि बड़वारा मुख्यालय से हर वर्ष सरकार को करोड़ों-अरबों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यहाँ दो बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियां और दर्जनों खदानें संचालित हैं। आबादी, क्षेत्रफल और रोजगार की उपलब्धता के लिहाज से बड़वारा हर मापदंड पर नगर परिषद बनने की पात्रता रखता है। इसके बावजूद, उचित प्रशासनिक दर्जे के अभाव में क्षेत्र आज भी उपेक्षा का शिकार है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द बड़वारा ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाया जाए।

### मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम के तहत मशीन लर्निंग का प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को सेडमैप जिला समन्वयक द्वारा औद्योगिक इकाई ₹सतनाम पॉलीमर्स₹ का भ्रमण कराया गया। इस औद्योगिक भ्रमण में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को सतनाम पॉलीमर्स के प्रबंधक श्री मिश्रा और एचआर मैनेजर आनंद पांडेय द्वारा उद्योग के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रतिभागियों को इकाई के संचालन, उत्पादन और विपणन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिससे उन्हें औद्योगिक इकाई को सफलता पूर्वक चलाने की बारीकियों को समझने में मदद मिली।

### समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा

**कटनी।** शासन निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम द्वारा नागरिकों की पोर्टल पर समग्र आई.डी. से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य नगर निगम कार्यालय तथा जोन कार्यालयों में अनवरत जारी है। उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा सोमवार को विभिन्न वार्डों में अब तक हुई ई-केवाईसी की स्थिति समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाकर शेष नागरिकों की ई-केवाईसी का कार्य मिशन मोड पर पूर्ण कराने के निर्देश संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए गए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक गति प्रदान कर घर-घर संपर्क, करने निगम कार्यालय तथा जोन कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में आने वाले नागरिकों से उनकी ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर शेष बचे नागरिकों की ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी पूर्ण होने से नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सकेगा। उपायुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित मॉनिटरिंग करने, रोजाना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा मैदानी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### बैगलेस डे आयोजित

**कटनी।** पीएमश्री शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय खलवारा बाजार कैमोर मे बैगलेस डे का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों को विद्यालय से 1 किमी दूर कैमूर की पहाड़ियों की सुरम्य वादियों मे बसे पनिहाई स्थल पर ले जाया गया। इस दौरान किसी भी बच्चे व शिक्षकों को मंजिल की जानकारी नही दी गई। इसके लिए कक्षा 9, 10, 11 के 2-2 बच्चों का खोजकर्ता दल बनाया गया और उन्हे कुछ-कुछ दूरियों पर पर्चियां दी गई। जिसमें रास्ते ढूँढने के संकेत दिए गये थे। साथ ही उनके पीछे-पीछे शिक्षक चल रहे थे। इस उत्सुकता में कि आखिर आज हम कहां जा रहे हैं, जब बच्चे अपनी मंजिल पर पहुँचे तो सभी के चेहरों में आनंद का भाव परिलक्षित हुआ।

---

प्रारूप मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, कलेक्टर ने बैठक में दी विस्तृत जानकारी

# 68730 मतदाता हुए कम, 9941 को भेजे जाएंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय सहित जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही इस पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तिवारी ने राजनैतिक दलों को बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को इसमें अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम देखने का अवसर देना है। ताकि यदि उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं है अथवा नाम पता या अन्य विवरण में कोई त्रुटि है, तब ऐसी स्थिति में वे निर्धारित अवधि के भीतर अपना नाम शामिल कराने अथवा नाम में सुधार के लिये निर्धारित प्रारूप में बीएलओ को आवेदन दे सकेंगे।

राजनैतिक दलों की बैठक में बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर भी किया गया है। मतदाता अपने मतदान केन्द्र के अलावा कलेक्टर कार्यालय और संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में भी इस सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

बैठक में बताया गया कि जिस मतदाता का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह बीएलओ को फार्म 6 के साथ घोषणापत्र (एसआईआर 2003 की जानकारी) देकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। इसी प्रकार जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज है और उन्हें अपना नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि या पता में सुधार कराना है वे फॉर्म 8 भरकर सुधार करा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटवाने या नाम में सुधार कराने का यह कार्य मतदाताओं द्वारा वोटर हेल्पलाईन ऐप या निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल Voters.eci.gov.in पर फार्म 6, फार्म 7 या फार्म 8 ऑनलाईन भरकर भी किया जा सकता है।

### जमा करने होंगे दस्तावेज

प्रारूप मतदाता सूची में शामिल ऐसे 9 हजार 941 मतदाताओं को नोटिस जारी किये जायेंगे, जिनकी जानकारी मिसमैच होने की वजह से मैपिंग नहीं हो पाई है। इन मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 दस्तावेजों में से आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे ताकि उनका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

### मतदाताओं को भेजे जायेंगे नोटिस

जिले के ऐसे 9 हजार 941 मतदाताओं को नोटिस भेजे जायेंगे जिनके गणना प्रपत्र प्राप्त हुये हैं लेकिन वर्ष 2003 की एसआईआर की सूची से उनकी मैपिंग नहीं हो सकी है। इन मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं। इन मतदाताओं को 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जायेंगे। नोटिस के जवाब में उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। ताकि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके। नो मैपिंग की श्रेणी में शामिल इन मतदाताओं में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 1 हजार 953, विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 1 हजार 512 तथा मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 4 हजार 947 और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के 1 हजार 529 मतदाता शामिल है। इन मतदाताओं को नोटिस दिये जायेंगे। नोटिस में ही इनका जवाब प्रस्तुत करने और सुनवाई की तारीख का उल्लेख होगा। नोटिस के जवाब की सुनवाई नियत स्थानों पर की जायेगी।

### सूची में 9 लाख 33 हजार 410 मतदाताओं के नाम शामिल

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर सत्यापन और गणना प्रपत्रों को भरे जाने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र की प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में 9 लाख 33 हजार 410 मतदाताओं के नाम शामिल किये गये हैं। मतदाताओं की यह संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू होने के पहले की तुलना में 68 हजार 730 मतदाता कम है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ होने के पूर्व 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 10 लाख 2 हजार 140 थी। 23 दिसंबर की स्थिति में 91-बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 44 हजार 903 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 26 हजार 890 पुरूष व 1 लाख 18 हजार 12 महिला और 1 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार 92-विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 28 हजार 95 मतदाताओं में 1 लाख 19 हजार 165 पुरूष, 1 लाख 8 हजार 926 महिला व 4 अन्य तथा 93 मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 26 हजार 158 हैं। जिसमें 1 लाख 15 हजार 872 पुरूष, 1 लाख 10 हजार 280 महिला एवं 6 अन्य मतदाता शामिल है। जबकि 94-बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 34 हजार 254 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 21 हजार 199 पुरूष, 1 लाख 13 हजार 49 महिला एवं 6 अन्य मतदाता शामिल है। इस प्रकार चारों विधानसभा क्षेत्रा को मिलाकर कुल 9 लाख 33 हजार 410 मतदताओं में 4 लाख 83 हजार 126 पुरूष, 4 लाख 50 हजार 267 महिला एवं 17 अन्य मतदाता शामिल है।

### जिले में 71 मतदान केन्द्र बढ़े

मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन भी किया गया है। जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़कर अब 1 हजार 239 हो गई है। मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के पूर्व जिले में मतदान केन्द्रों की यह संख्या 1 हजार 168 थी। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 302 से बढ़कर अब 318 हो गई है। जबकि विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 280 से बढ़कर 300 हो गई है और मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 291 से बढ़कर 308 हो गई है। इसी प्रकार बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण से पूर्व मतदान केन्द्रों की संख्या 295 थी जो अब बढ़कर 313 हो गई है।

### 68 हजार 730 मतदाताओं के प्राप्त नहीं हुये गणना प्रपत्र

मतदाताओं के घर-घर सत्यापन के दौरान जिन 68 हजार 730 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुये उनमें बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 13 हजार 516, विजयराघवगढ विधानसभा क्षेत्र के 14 हजार 47 एवं मुडवारा विधानसभा क्षेत्र के 26 हजार 370 और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के 14 हजार 797 मतदाता शामिल है। ये सभी मतदाता एएसडीआर श्रेणी के मतदाता हैं।

---

*निर्माणाधीन ई लाइब्रेरी भवन का महापौर ने किया निरीक्षण*

## 1.20 करोड़ से बन रही अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी की जल्द मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास को सशक्त बनाने की दिशा में नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा निरंतर महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने के.सी.एस. स्कूल परिसर में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी भवन का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की आवश्यकता है और यह ई-लाइब्रेरी इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

महापौर ने बताया कि ई-लाइब्रेरी भवन पूरी तरह फायर सेफ्टी सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित रहेगा तथा इसे ईको-फ्रेंडली स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ डिजिटल तकनीक के माध्यम से अधिक संख्या में ई-बुक्स एवं ऑनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे विद्यार्थी आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जुड़ सकेंगे।डिजिटल युग में पुस्तकालयों की भूमिका केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि अब वे नवाचार, रिसर्च और आत्म विकास के केंद्र बन चुके हैं। यह ई-लाइब्रेरी युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, अध्ययनशील वातावरण उपलब्ध कराने एवं उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता,पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, श्रीमती रेखा तिवारी, पूर्व पार्षद जीवन चौधरी सहित नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, उपयंत्री संजय मिश्रा, प्रभारी ई-गवर्नेंस अधिकारी संदीप पाठक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मझगवां हाईस्कूल में बाल विवाह रोकने जागरूकता कार्यक्रम



महिला बाल विकास के सौजन्य से बड़वारा के ग्राम मझगवां हाई स्कूल में बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय, प्राचार्य श्रीमती रचना तिवारी ,परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक ज्योति बर्मन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोना कुशवाहा, विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में बच्चों को बाल विवाह अधिनियम अधिनियम चाइल्ड हेल्पलाइन1098 महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा अधिनियम बाल श्रम अधिनियम की जानकारी दी गई एवं प्रतियोगियों से निबंध एवं वाद विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य द्वारा बालकों को बाल श्रम अधिनियम की जानकारी दी गई एवं विभाग से आह्वान किया गया कि विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम लगातार किया जाए कार्यक्रम में अधिक संख्या में बालिकाएं एवं बालक उपस्थित रहे।

---

## वन स्टॉप सेंटर के प्रयासों लापता महिला मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की एक गुमशुदा महिला भटकते हुए जोधपुर राजस्थान पहुंच गई जिसे RPF के द्वारा नारी अपना घर आश्रम जोधपुर के सुपुर्द किया गया। आश्रम में सेवादार अशोक गिरी एवं सुनीता द्वारा महिला को उचित संरक्षण देते हुए देखभाल की गई। महिला की मानसिक हालत ठीक न होने के कारण वह अपने घर का पता एवं नाम नहीं बता पा रही थी। महिला को आश्रय के साथ स्वास्थ्य देखभाल भी मिली। महिला जब कुछ ठीक हुई तब उन्होंने अपना घर कटनी का होना बताया जिसकी सुचना कार्यालय कलेक्टर से माध्यम से वन स्टॉप सेंटर तक पहुंची। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक श्रीमती शैली तिवारी द्वारा तत्काल सम्बंधित ग्राम के सरपंच सुमन शिवमंगल सिंह से बात की गई। महिला की फोटो भेजकर एवं उनकी त्वरित कार्यवाही से उसके वोटर id से परिवार की पहचान की गई। तत्काल परिवार वालो से बात कर उन्हें महिला को घर ले जाने सम्बंधित प्रयास किये गए । इस प्रकार कार्यालय के प्रयासों से 23/12/25 को महिला का परिजनों से मिलाप हो गया।

कार्यालय के प्रयास की प्रशंसा करते हुए नारी अपना घर जोधपुर द्वारा घर से भटककर वहा पहुंची महिला प्रभुजी को घर पहुंचाने मे सहायता करने पर हृदय से हार्दिक धन्यवाद किया गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर आशीष तिवारी की देखरेख मे एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री वनश्री कुर्वेती मैडम के मार्गदर्शन मे वन स्टॉप सेंटर जिला कटनी मे फरवरी 2017 से संचालित है। वन स्टाप सेंटर मे प्रारम्भ से लेकर अब तक कुल 2078 केस दर्ज हुए है, जिसमे 398 केस मे DIR सुविधा, 41 मे विधिक सहायता, 43 मे पुलिस सहायता, 282 बालिकाओं /महिलाओ को अस्थायी आश्रय दिया गया है। 1310 केस मे परामर्श सहायता देकर टूटते हुए परिवारों को पुनः बसाने के प्रयास किये गए. महिलाओ को जागरूक करने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जाता है जिसने प्रशासक श्रीमती शैली तिवारी द्वारा महिलाओ को घरेलु हिंसा अधिनियम 2005,पाक्सो एक्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत महिलाओ के लिए विशेष अधिकाओं के बारे मे जानकारी दी जाती है, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं हेल्पलाइन नंबर 112,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देकर महिलाओ को जागरूक किया जाता है।

---

*वेयर हाउस में विसंगतियां मिलने पर जताई नाराजगी, जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने दिये निर्देश*

## कलेक्टर ने बहोरीबंद के धान उपार्जन और उर्वरक वितरण केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को विकासखंड बहोरीबंद के गांवों में पहुंचकर स्कूलों, धान उपार्जन केन्द्रों और उर्वरक वितरण केन्द्र डबल लॉक बहोरीबंद का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय और आयुष्मान आरोग्य मंदिर कौड़िया का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया, तहसीलदार नेहा जैन, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, जिला प्रबंधक नान देवेन्द्र तिवारी, एडीपीसी रमसा अभय जैन, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सतीश पटेल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र कौड़िया नर्मदांचल वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जहां कलेक्टर को आवक रजिस्टर और खरीदी रजिस्टर में कई विसंगतिया मिली। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण कर खरीदी प्रभारी कमलेश पाण्डेय के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुये खरीदी केन्द्र की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला को निर्देशित किया। कलेक्टर नर्मदांचल गोदाम के भीतर पहुंचे और बरखी लगवाकर धान की गुणवत्ता का परीक्षण किया। कलेक्टर ने ओपन केप खरीदी केन्द्र बहोरीबंद का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बहोरीबंद के मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। यहां टोकन के माध्यम से किसानों को उर्वरक वितरण किया जाना पाया गया। कलेक्टर ने यहां पर भंडारित उर्वरकों का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कौड़िया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया और यहां पोर्टल में जानकारियों का व्यवस्थित तौर पर अपडेट नहीं पाये जाने पर सीएचओ अंजली दाहिया के कार्यों के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की कमजोर प्रगति, अनमोल पोर्टल में गर्भवती माताओं के पंजीयन, आरोग्यम पोर्टल और एनसीडी पोर्टल में इंट्री की प्रगति का औचक निरीक्षण किया जो अपडेटेड नहीं मिली।

---

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौपा गया ज्ञापन

## स्लीमनाबाद को जिला बनाने सांकेतिक धरना प्रदर्शन, विधायक हुये शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद को जिला बनाने की मांग तेज हो चली है। बुधवार को स्लीमनाबाद क्षेत्रवासियों ने जिला बनाने की मांग को लेकर स्लीमनाबाद में सांकेतिक धरना किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में सर्वदलीय स्थानीय क्षेत्रीय जन उपस्थित रहा। धरना के दौरान क्षेत्रीय स्थानीय वक्ताओं ने कहा कि स्लीमनाबाद जिला बनने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। स्लीमनाबाद में नेशनल हाईवे, रेलवे स्टेशन, एसडीएम कार्यालय, एसडीओपी कार्यालय कॉलेज ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएचई विभाग सहायक यंत्री कार्यालय, बिजली विभाग सहायक अभियंता कार्यालय सहित शासकीय कार्यालय मौजूद हैं।

स्लीमनाबाद में मार्बल नगरी के साथ अब सोने की खदान राजस्व जैसी स्थितियों में भी सुदृढ़ है। लंबे समय से स्लीमनाबाद को जिला बनाने की मांग की जा रही है। इसके पूर्व तहसीलदार, एसडीएम और कमिश्नर को भी ज्ञापन दिया गया था। वक्ताओं ने कहा कि जिला बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और स्थानीय लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। स्लीमनाबाद की भौगोलिक स्थिति और उपलब्ध संसाधन इसे जिला बनाने के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

सांकेतिक धरना को संबोधित करते हुए जन भागीदारी समिति अध्यक्ष गोलू तिवारी ने कहा कि जिला बनने से विकास को गति मिलेगी वहीं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला ने विधायक से पुरजोर मांग की के जनता जनार्दन ने आपको अपना आशीर्वाद दिया है अब आपको कर्ज चुकाने की बारी है। वही तिहारी सरपंच सुनील गुप्ता ने कहा कि स्लीमनाबाद सर्वाधिक राजस्व देने वाला क्षेत्र है। साथ ही जिले के लिए वे सभी सुविधाएं यहां हैं जिससे कम खर्चे में जिला बन सकता है। वक्ताओं ने कहा कि हमारा एक मात्र लक्ष्य है कि हमें स्लीमनाबाद को जिला बनाना है यदि हमारी जिला बनाने की मांग को अनदेखा किया गया तो आगे और भी आंदोलन होंगे हम स्लीमनाबाद को जिला बनाने के लिए आने वाले समय में सड़कों पर उतरने से नहीं हिचकिचाएंगे।

सर्व दलीय के सांकेतिक धरना के दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पांडे पहुंचे। लोगों से बातचीत की ओर कहा कि आज में निरंतर 15 वर्षों से इस क्षेत्र की सेवा कर रहा हूँ और सेवा के लायक इस क्षेत्र के जनमानस के कारण ही बना हूँ। ये मेरी कर्म भूमि है और अपनी कर्म भूमि के लिए मुझसे जो बन सकेगा में करूंगा। आप लोगों ने जो स्लीमनाबाद को जिला बनाने की मांग रखी है बिल्कुल जायज है। आपकी इस मांग को लेकर में मुख्यमंत्री से बात करूंगा और आप सभी की बैठक सरकार के सम्मुख कराऊंगा ये मेरी जवाबदारी है और आपकी मांग पूरी हो यही मेरी अनुशंसा है। इसके बाद विधायक प्रणय पांडे ने क्षेत्रीय स्थानीय लोगों से धरना समाप्त करने का आग्रह किया। विधायक प्रणय पांडे के आश्वासन के बाद लोगों ने धरना समाप्त किया।

इस दौरान धरना मे रतन गुप्ता,

---

## बगैर अनुमति के निर्माण पर कार्रवाई सामग्री की गई जब्त, बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर के स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों सहित बिना अनुमति निर्माण कार्यों के प्रकरणों पर सक्रियता से कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग-अलग स्थलों में बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों को चिन्हित किया जाकर निगम प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर निरीक्षण के दौरान बरगवां के दो स्थलों में किशन चंद तीर्थानी एवं सुमित अग्रवाल द्वारा बिना किसी अनुमति के अवैध निर्माण कार्य कराते पाए जाने पर मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया गया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में सिल्वर टॉकीज मार्ग पर बिना अनुमति निर्माण कार्य की शिकायत प्राप्त होने पर स्थल निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण कार्य होता पाए जाने पर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाया गया।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि तीनों ही बिना अनुमति निर्माण कार्यों के प्रकरणों में निर्माण कार्य के दौरान प्रयुक्त होने वाली सामग्री को जब्त करते हुए विधिवत पंचनामा तैयार किया। संबंधित तीनों निर्माणकर्ताओं को नगर निगम अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान उपयंत्री संजय मिश्रा, अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित अतिक्रमण अमले की मौजूदगी रही।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक मार्गों में अतिक्रमण तथा बिना स्वीकृति किए जाने वाले किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा आगे भी जांच एवं कार्यवाही जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### विवेक बने एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष

**जबेरा।** एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौक से के निर्देशन पर एवं शुभम तिवारी जिला अध्यक्ष दमोह की अनुशंसा पर प्रवीण राय अध्यक्ष एनएसयूआई विधानसभा क्षेत्र जबेरा के द्वारा विवेक तिवारी को जबेरा एनएसयूआई का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विवेक तिवारी के नगर अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों एवं कांग्रेस पार्टी के लोगों ने बधाई दी है।



### पंचायत उप-निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत पंचायत उप निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपादित कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा पंचायत नियम 1995 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10 कुम्हारी, विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोरा कला तथा विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान के मतदान केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट पदाविहित किए गए हैं।
विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10 कुम्हारी के लिए प्रभारी तहसीलदार विवेक व्यास तेंदूखेड़ा पुलिस थाना कुम्हारी, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह हिण्डोरिया पुलिस थाना कुम्हारी, नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता दमोह पुलिस थाना पटेरा तथा नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार पुलिस थाना रनेह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोरा कला के लिए नायब तहसीलदार कोमल सिंह चढ़ार बटियागढ़ पुलिस चौकी केरबना तथा विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान के लिए नायब तहसीलदार बृन्देश पाण्डेय पथरिया पुलिस चौकी सागर नाका, थाना दमोह देहात को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है।

स्व. जीपी चौबे संभागीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में 7 मैच खेले गये

# खेलकूद का मानव जीवन में बड़ा महत्व होता है : सासंद राहुल सिंह

### सांसद, नपाध्यक्ष ने प्रतियोगिता का उदघाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्वर्गीय जीप चौबे स्मृति संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच हिंडोरिया एवं दमोह के मध्य खेला गया। जिसमें हिण्डोरिया की टीम 2-0 से विजयी रही । उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि दमोह सांसद राहुल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष ठा.हेमेंद्र सिंह द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर विधिवत फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया गया। प्रथम मैच की रेफरी राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी दिलावर सिंह एवं मुन्नालाल कारपेंटर रहे। मैच के मुख्य रेफरी वॉलीबॉल खेल में महाकौरेफरत्न 2025 से सम्मानित राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र सोनी रहे। इस अवसर पर अतिथि सांसद राहुल सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद का मानव जीवन में बड़ा महत्व होता है। शारीरिक विकास के साथ-साथ एक अनुशासित व्यक्ति, समाज एवं देश का निर्माण करते हैं। इस दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के संबंध में आयोजक सुधांशु चौबे ने बताया कि प्रतियोगिता में आर्मी बटालियन सागर, मकरोनिया, दमोह सीनियर एवं जूनियर, हिंडोरिया सीनियर एवं जूनियर बंसोली,चंडी चोपड़ा, लखरोनी, जीएस बो तराई, आर एस बोथराई , माइसेम नरसिंहगढ़, बिलानी शाहपुर, पथरिया, बड़ी देवी इत्यादि स्थानों की नामी गिरामी टीमे भाग ले रही है। प्रतियोगिता में कामेंट्री सुजात खान ,संदीप जोशी, शिवानी पटेल द्वारा की गई। प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला कल 25 दिसंबर 2025 को बगिया के मैदान में खेले जाएंगे। श्री चौबे ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के भोजन आवास पेयजल किराया आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। मैच में टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय,निप्पी चौरसिया ,धर्मेंद्र चौरसिया, नत्थू जोशी, मुरलीधर चौरसिया, चतुर्भुज चौरसिया, अक्षय चौबे, टिल्लू चौबे, राकेश अकेला, कय्यूम खान, हफीज भाईजान सहित फ्रेन्डस क्लब के सभी खिलाड़ी एवं बडी. संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



जपं परिसर में अटल सुशासन भवन और सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन

# अमृत सरोवर, पीएम आवास, योजना में हुई गड़बड़ी की होगी जांच - पंचायत मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जनपद पंचायत परिसर में बुधवार को अटल सुशासन भवन और सामुदायिक भवनों की आधार शिला रखी गई। जिसमें प्रदेश के पंचायत ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 1225 करोड़ 67 लाख की लागत से निर्माण होने वाले अटल सुशासन भवन और हटा जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीकृत 28 सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि पंचायत मंत्री पटेल ने भूमि पूजन कर शिलालेख का अनावरण किया। इस दौरान कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि विकास की अपनी एक परिभाषा होती है,माननीय प्रधानमंत्री ने कहा था कि सबका साथ सबका विकास कुछ लोगो को सिर्फ एक नारा लग रहा था,लेकिन यह सच साबित हुआ,ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग के माध्यम से कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। श्रद्धेय अटल जी की जन्म जयंती पर 2474 पंचायत भवनों को बनाने का सौभाग्य मुझे और मेरे विभाग को मिल रहा है। यह सभी भवन अत्याधुनिक सुविधाओं और भविष्य की संभावनाओं को देखते बनाये जाने हैं। अब विकास के पैमाने बदल गए हैं उन्होने कहा कि इस वर्ष पांचवे वित्त का पर्याप्त पैसा है, पंचायतें स्वाबलंबी बने और रोजगार को सृजन करे ,इस विषय पर कार्य करना होगा। श्री पटेल ने निर्मित होने वाले भवनों के सदुपयोग पर बोलते हुए कहा कि ग्रामों के इतिहास को सहेजने सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने पंचायत से बेहतर कोई दूसरी संस्था देश मे नही हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में पत्रकारों से बातचीत में उनसे सवाल किया गया कि जनपद क्षेत्र के अमृत सरोवरों में एक बूंद पानी नहीं है जबकि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के समय आपने इन सरोवरों में पैदल यात्रा की बात कही गई थी। इस पर उन्होंने कहा गड़बड़ी की जांच चल रही है। रनेह में आवास योजना में गड़बड़ी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जहां भी गड़बड़ी की गई है भोपाल स्तर से जांच कराई जाएगी एवं कार्यवाही होगी जो भी गड़बड़ी की शिकायत है उन्हें भेजे जरुर कार्यवाही होगी। वहीं जनपद सीईओ सजीव गोस्वामी को बुलाकर उन्होंने मामले कि जानकारी ली और जांच कर अवगत कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक उमादेवी खटीक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सरपंच सचिव एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति रही।



# कागज बचायेंगे, पर्यावरण बचायेंगें, पेपरलेस चुनाव करवायेंगेः सारिका



**दमोह।** निर्वाचन आयोग अध्यरक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तवव ,सचिव दीपक सिंह तथा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में सारिका का जागरूकता कार्यक्रम पंचायत उप निर्वाचन जिला पंचायत दमोह सदस्य के लिये कराये जा रहे पेपर लेस प्रक्रिया के बारे में आमलोगों को जागरूक करने मध्यकप्रदेश राज्यउ निर्वाचन आयोग की ब्रांड एम्बेयसेडर सारिका घारू पपेटशो, लोककला , पोस्टरर तथा अन्यग गतिविधियां कर रही हैं । सारिका ने बताया कि आयोग के अध्येक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तवव, सचिव दीपक सिंह के मार्गदर्शन तथा कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में रोचक गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान लोकनृत्य के माध्युम से मतदाता भी दमोह में पेपरलेस प्रक्रिया को रिकार्ड मतदान केद्रों पर कराये जाने के प्रति उत्सा हित थे। सारिका ने मतदाताओं को बताया कि पेपरलेस इलेक्शदन से रियलटाईम वोटर टर्नआउट देखा जा सकेगा । इसमे वोटर की पहचान डिजिटल रूप से होगी, परिवहन लागत और अन्यर सामग्री की जरूरत में कमी आयेगी। इस अवसर पर मतदाताओं ने उत्सासह के साथ इस नवाचार को समर्थन देने का संकल्पन लिया और रिकार्ड मतदान की बात की।

# नए साल पर डायरी और कैलेंडर खरीदने का ट्रेड पड़ फीका

### 30 फीसदी ही रह गई कैलेंडर और डायरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बदलते समय के साथ नए साल पर जश्न मनाने का तरीका बदल गया है। इस वजह से अब बाजार का ट्रेंड भी पहले जैसा नहीं रहा। दस साल पहले शहर में ग्रीटिंग कार्ड, डायरी और कैलेंडर को लेकर सर्वाधिक मांग युवाओं की होती थी। दुकानों में कपल, दोस्त के लिए अलग-अलग ग्रीटिंग कार्ड आते थे, जो अब न के बराबर हो चुके हैं। इस साल बाजार से नए साल पर सुविचार वाले कार्ड ही गायब हो चुके हैं। दुकानदारों का कहना है कि मांग कम होने से कंपनियों ने कार्ड बनाने ही बंद कर दिए हैं। हरिभूमि ने नए साल में बदलते ट्रेंड को लेकर शहर के गिफ्ट दुकानों के संचालकों से बातचीत की।

एक गिफ्ट शॉप के संचालक गर्वेश साहू ने बताया, सोशल मीडिया ने पुरानी परंपरा को खत्म ही कर दिया है। युवा अब ग्रीटिंग कार्ड की जगह पर लाइटिंग मैसेज गिफ्ट खरीद रहे हैं। यह एक तरह का लैंप होता है, जिसमें आप सभी खास अवसर के संदेश एलईडी लैंप में लगा सकते हैं। बीते कुछ सालों में नए साल पर ग्रीटिंग कार्ड खरीदने 3 से 4 लोग ही पहुंचते हैं। इसके अलावा बाजार में युवा ऐसे गिफ्ट खरीदना पसंद कर रहे हैं, जो उपयोगी हो और उनकी फीलिंग्स भी गिफ्ट में दिखाई दे। कॉलोनियों में भी पार्टियां केक काटने तक ही सीमित हो चुकी हैं। अब इसकी जगह होटलों ने ले ली है।

**नहीं बिक पाई पिछली साल की डायरी-**

नए साल में 6 दिन बचे हैं, लेकिन बाजार में कैलेंडर, डायरी की मांग अब भी नहीं है। मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित एक दुकान के संचालक गर्वेश साहू ने बताया, 2025 की 150 से अधिक डायरियां और कैलेंडर सालभर नहीं बिक पाए। इस साल इसकी मांग लोगों के बीच 30 फीसदी ही है। लाला रामस्वरूप रामनारायण कैलेंडर ही चलन में है। पहले लोग नए साल पर डायरी को गिफ्ट के रूप में खरीदते थे, लेकिन डायरी भी मांग और बिक्री कम हो चुकी है। होलसेल दुकान होने के बाद भी 60 डायरियां ही बिक पाई हैं। उन्होंने बताया कि स्लोगन ग्रीटिंग आने बंद हो चुके हैं। इसका मुख्य कारण बढ़ते सोशल मीडिया का उपयोग है।

नए साल के लिए इन दिनों बाजार में कपल सेट, स्टोन, हार्ट, ताजमहल, लाइटिंग वाले गिफ्ट की अधिक मांग है। इसके अलावा साउंड अलार्म घंटी भी लोगों को आकर्षित कर रही है। इसमें फोन के जरिए पसंदीदा अलार्म ट्यून सेट कर सकते हैं। साथ ही यह सुविचार भी देता है। सुबह को खास बनाने लोग इस अलार्म घड़ी को खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 800 रुपए तक है।

# शीतलहर के प्रकोप से रहें सावधानी

**दमोह।** जिले में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है, जिससे विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में ''शीतलहर से कैसे बचें'' इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने इस संबंध में एडवाईजरी जारी करते हुए कहा कि कॅपकॅपी को नजरअंदाज न करें। यह शरीर से गर्मी के ह्रास का पहला संकेत है। असीमित ठिठुरन, सुस्ती, थकान, हकलाना शीतदंश को दर्शाते है। ऐसी स्थिति में बिना समय गंवाएँ चिकित्सक अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि शीतलहर के दौरान शरीर पर तीन से चार स्तरों में ऊनी, गर्म कपडे.पहने। अत्याधिक कसावट वाले कपडों को पहनने से बचें। तंग कपडे खून के प्रवाह को रोकते है। ठंडी हवा से बचने एवं शरीर की गर्माहट बनाये रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ पैर की उॅगलियों को अच्छी तरह से ढंक कर रखें। गुनगुना पानी पियें। ताजा, गर्म पौष्टिक भोजन का सेवन करें। ऐसे पडोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुर्जुग लोगों का हालचाल पूछते रहें। डॉ. आर.के. अठया ने कहा कि नवजात एवं छोटे बच्चों को ठंडी हवा से सुरक्षित रखें। बच्चों को फर्श पर न बैठने दें। बच्चों को नियमित अंतराल पर गर्म दूध, सूप एवं संतुलित आहार दें। सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सक या स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। अत्यधिक ठंड या शीतलहर दौरान बुजुर्ग व्यक्ति यथासंभव घर के अंदर ही रहें। ठंड से इनका संपर्क न हो इसका ध्यान रखें। अस्थमा, हृदय रोग, मधुमेह अथवा बी.पी. से ग्रसित मरीज नियमित दवाई लेते रहें। ठंड के कारण सांस लेने में तकलीफ होने या अत्याधिक कंपकंपी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। अलाव या हीटर जलाते समय हवादार स्थान का ध्यान रखें। बंद कमरे में कोई भी चीज या कोयला जलाने से बचें। इससे कार्बन मोनो-ऑक्साईड गैस से श्वसन अवरोध का खतरा बना रहता है। सोते समय जलते अलाव या हीटर को बंद कर दें।

250 से अधिक मरीजों को मिला लाभ

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**दमोह।** लघु उद्योग भारती, दमोह इकाई द्वारा दिनांक 24 दिसंबर को मारुताल स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण, दमोह में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 250 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में विभिन्न रोगों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें डॉ. विजय पथोरिया (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. राकेश राय (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. रविंद्र कुमार (प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. राजेश नामदेव (शिशु रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. आशी जैन (फिजियोथेरेपिस्ट) प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके साथ ही दंत चिकित्सा, ईसीजी एवं रक्त जांच की सुविधाएं भी शिविर में उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया ने अपने संबोधन में कहा कि "लघु उद्योग भारती केवल उद्योगों के विकास तक सीमित संगठन नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहा है। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।" उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला हैं, और लघु उद्योग भारती द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है। लघु उद्योग भारती दमोह इकाई के अध्यक्ष सेबंत जैन ने बताया कि संगठन सदैव उद्योगों के साथ-साथ स्वास्थ्य, सेवा एवं सामाजिक चेतना के क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। वहीं सचिव दिलेश चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा आधारित कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन में संदेश चौधरी, संचित सेठ, संदीप चौरसिया , बृजभूषण गर्ग, प्रिंस जैन, प्रिंस खरे गौरव जैन, सचिंद्र जैन, रेखा जैन, मनोरमा रतले, लोकेश अग्रवाल, पंकज अरोरा लोकेश, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों से ऐसे सेवा कार्यक्रमों का लाभ लेने का आह्वान किया।

# जल सरंक्षण के लिये किया बोरी बंधान



**सिंग्रामपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से आयोजित इस बैठक में ब्लॉक संयोजक श्रीमती वंदना जैन ने जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में नवांकुर संस्था जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सचेंद्र रजक, प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रहे। बैठक के बाद हरदुआ मेमार में बोरी बधान का कार्य किया गया, जिसमें ग्राम के अन्य लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम में अभय राय, अशोक विश्वकर्मा, बहादुर राय, बब्लू सिंह मरावी, राहुल मरकाम आदि लोग उपस्थित रहे।

# गेवलारी पुलिया पर प्रशासन ने किया संयुक्त निरीक्षण



**दमोह।** बटियागढ़ क्षेत्र अंतर्गत गेवलारी की पुलिया का जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी एवं थाना प्रभारी रजनी शुक्ला द्वारा मौके पर पहुंचकर संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया भविष्य में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से पुलिया के आसपास मोड़ के किनारे लगे पेड़ों की कटाई कराई जा रही है, ताकि दृश्यता बेहतर हो सके। साथ ही रात्रिकालीन रोशनी की व्यवस्था के लिए शहजादपुरा सरपंच नरेंद्र कटारे द्वारा हेलोजन लाइटें लगाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त रेडियम पट्टी एवं आवश्यक साइन बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को पहले से सतर्क किया जा सके। इस दौरान शहजादपुरा सरपंच नरेंद्र कटारे, उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी एवं सुधारात्मक कार्य जारी है।

**हादसों की रोकथाम के लिए किए जा रहे सुरक्षा इंतजाम**

### जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी द्वारा कलेक्टर दमोह के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन दिया जिसमें वर्ष जुलाई-अगस्त 2025 में कई हितग्राहियों का नुकसान हुआ पर हितग्राहियों को आज तक सहायता राशि नही मिली जो जल्द से जल्द दी जाए। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष आजाद भारत पार्टी आर.के यादव, श्यामप्रसाद आदिवासी,कृष्ण यादव, वेदांश यादव की उपस्थिति रही।

### जिला टास्क फोर्स की बैठक 26 दिसंबर को

**दमोह।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डीसीडब्ल्यूपीसी) मिशन वात्सल्य तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की त्रैमासिक बैठक का आयोजन 26 दिसंबर, दिन शुक्रवार को दोपहर 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्ताशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्टर पहुंचे बालाकोट उमा विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाकोट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से संवाद किया। कलेक्टर श्री कोचर ने छात्रों से पूछा कही कोई दिक्कत हो तो बताओं, यहां पर जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जिले से आये हैं, आपको पढ़ाई के दौरान आ रही दिक्कत को दूर किया जाएगा। इस दौरान कक्षा 10 वी के तीरथ लोधी ने अंग्रेजी विषय मे आ रही दिक्कत के बारे में बताया तत्संबंध में कलेक्टर ने शिक्षक से कहा रणनीति बना कर छात्रों को पढ़ाई कराई जाए ताकि छात्र पेपर में बेहतर करें। उन्होंने कहा पूरा शिक्षा विभाग आपके लिए आया हैं किसी को कोई समस्या हो तो बताए, सभी ने एक स्वर में कहा कोई परेशानी नही हैं। संवाद के दौरान कक्षा 10 वी की देवकी अहिरवार ने कलेक्टर द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सही सही जबाव दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा पेपर कॉपी से छात्रों को पेपर प्रेक्टिस करवाये जाएं ताकि बच्चों को गलती समझ आएगी और उन्हें सुधार की आवश्यकता रहेगी। बच्चों को पेपर के पहले की तैयारियां कराई जाए। मॉडल पेपर बनाये जाएं, जिससे छात्रों की अच्छे से तैयारी हो सके, परीक्षा जैसी परीक्षा दिलाई जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा विद्यालय में कक्षा 12 वी के लिए अर्थ शास्त्र विषय की व्यवस्था बनाई जाए इसके लिये दूसरे विद्यालय से शिक्षक की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यालय के प्राचार्य से कहा बेंच की व्यवस्था आईटीआई

# कलेक्टर ने उपनिर्वाचन के लिये बनाये गये मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**दमोह।** ग्राम मड़िया देवी सिंह ग्राम पंचायत छेवला दुबे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला में बनाए गए मतदान केंद्रों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बिला खुर्द में बनाए गए दो मतदान केंद्रों का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान दल एवं मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने मतदान दल के लिए पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। भ्रमण के समय ग्राम की एक महिला द्वारा अपने पति की पेंशन का लाभ न मिलने की शिकायत की गई, जिस पर कलेक्टर ने आधार कार्ड की फोटो प्रति लेकर शीघ्र लाभ दिलाने की बात कही।

# स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे भारत विकास परिषद के सदस्य




**दमोह।** दमोह के अथाई गांव में मौजूद शासकीय विद्यालय में भारत विकास परिषद और स्कूल के एनएसएस प्रभारी द्वारा एक कैंप आयोजित किया गया उसमें भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे सभी ने बच्चों को संस्कारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान भारत विकास परिषद के प्रांतीय सचिव राजीव कृष्ण बिरथरे जिला संयोजक दीपक सिंघानिया जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण गोस्वामी, दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में सदस्यों की मौजूदगी रही। उन्होंने बच्चों के बीच संस्कारों की जानकारी दी। सामाजिक सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भारत विकास परिषद हमेशा ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है संस्कार हो या फिर समूह गान प्रतियोगिता हर साल के द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाते हैं भारत को जानो प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन भी भारत विकास परिषद द्वारा किया गया था अब संस्कार शिविर के तहत गांव में बच्चों के बीच पहुंचकर संस्कारों के प्रति जागरूक किया गया।

### ढाई साल के तेंदुए की संदिग्ध मौत, शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

# तेजगढ़ के जंगल में मिला तेंदुए का शव

**आरएफ 42 वंशीपुर बीट के गौ घाट भादर नाला के पास मिला शव**

**घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों सहित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा पता**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/तेजगढ़

तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के अंतर्गत आने वाले तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की वंशीपुर बीट मे नदी किनारे जंगल में एक तेंदुए का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है घटना की सूचना जैसे ही वरिष्ठ अधिकारियों व उप वनमंडल अधिकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी को लगी तो वन अमला मौके पर पहुंचा और जांच-पड़ताल शुरू कर तेंदुए की उम्र करीब ढ़ाई साल बताई जा रही है तेंदुए की मौत प्राकृतिक तौर पर होना बताया जा रहा है

## चरवाहों ने देखा शव वन विभाग को दी सूचना

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तेंदुएं के शव मिलने की सूचना सुबह वन विभाग को चरवाहों द्वारा दी गई सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घटना की सूचना दमोह डीएफओ ईश्वर रामहरि जरांडे दी गई सूचना मिलते ही डीएफओ और तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे सहित पूरा वन अमला मौके पर पहुंचा और जांच-पड़ताल शुरू कर घटना की सूचना वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वायड टीम को दी गई मामला तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की वंशीपुर बीट आरएफ 42 का जहां पर तेंदुआ का शव गौ घाट भादर नाला के पास मिला है तेंदुए की उम्र ढाई साल बताई गई है तेंदुए के शरीर पर किसी भी प्रकार के कोई चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले हैं उसके सभी अंग भी सुरक्षित मिले हैं तेंदुए की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक जांच कराई जा रही है इसके लिए सैंपल कलेक्ट किए हैं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर घटनास्थल को सुरक्षित कर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की डॉग स्क्वायड टीम की मदद से आसपास के क्षेत्र की जांच की गई

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

घटना के संबंध में तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे ने बताया कि एनटीसीए( राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) गाइडलाइन के अनुसार तेंदुएं के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और उसके सैंपल जांच के लिए भेजें गए हैं तेंदुए की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और सैंपल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा क्योंकि तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं दोपहर में जबेरा से पशु चिकित्साधिकारी डॉ पंकज चौबे और तेंदूखेड़ा से पशु चिकित्साधिकारी डॉ हरिकांत बिलवार द्वारा तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जांच के लिए भेज दी गई है तेंदुए की मौत प्राकृतिक कारणों से होना पाया गया है वन विभाग की टीम को जिस स्थान पर तेंदुए का शव मिला है उसके पास जंगली नाला है जिसको गौ घाट भादर नाला के नाम से जाना जाता है जहां पानी का भी लिटमस टेस्ट करवाया गया है कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई है।

## शरीर पर नहीं मिले निशान

तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेंदुए के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट या शिकार के निशान नहीं पाए गए, जिससे यह स्पष्ट है कि यह शिकार का मामला नहीं है। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए की आंतें पूरी तरह खाली पाई गईं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मौत भूख, कमजोरी या किसी गंभीर बीमारी के कारण हुई हो सकती है। हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। तेंदुए जैसे संरक्षित वन्य जीव की मौत से इलाके में चिंता का माहौल है। वन विभाग ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल पूरा मामला जांच के दायरे में है और वन विभाग सभी पहलुओं पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।

## ढाई साल पहले भी मिला था मृतक तेंदुए का शव

वही दूसरी ओर तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में बीते ढाई साल पहले भी एक तेंदुए का शव मिला था जहां आरएफ 154 घटरिया बीट में गुबरा के जंगल में पत्थरों के बीच सड़ी-गली अवस्था में शव मिला था शव 8 दिन पुराना बताया गया था जिसकी मौत प्राकृतिक तौर पर पाई गई थी।

## क्षेत्र में बढ़ रही संख्या

तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के चारों वन परिक्षेत्रों में तेंदुओं की संख्या लगातार देखी जा रही है। वन विभाग के मुताबिक तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चारों रेंज में 30 से 40 तेंदुए है जिसमें उनके शावक भी है विभाग के अधिकारियों ने बताया 18 से 24 तक चल रही बाघ गणना से पता चलेगा क्षेत्र में कितनी संख्या में मांसाहारी जानवरों मौजूद हैं।

# दमोह-जबलपुर हाईवे पर प्लाई से लदा ट्रक पलटा, सड़क किनारे बिखरा सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व वन परिक्षेत्र के अंतर्गत दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर मंगलवार की देर रात एक गंभीर सड़क हादसा टलते-टलते रह गया। जानकारी के अनुसार, पंजाब से जबलपुर की ओर जा रहा एक ट्रक, जिसमें प्लाई लदी हुई थी, सिंग्रामपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। पलटते ही ट्रक में लदी प्लाई सड़क किनारे बिखर गई। हालांकि आसपास कोई वाहन या राहगीर नहीं होने के कारण बड़ा नुकसान टल गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा। फिलहाल इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन ट्रक चालक और लोड की स्थिति की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह सड़क काफी संकरी और घुमावदार है, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण रात में वाहन चलाना जोखिमपूर्ण है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानी और धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर हाईवे की खतरनाक स्थिति और रात में वाहन संचालन की चुनौतियों को उजागर कर दिया है।

# रामकुमार विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरण





दमोह। श्री हनुमानगढी शिक्षण समिति दमोह की पालक संस्था श्री देव रामकुमार हनुमानगढी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह के द्वारा रामकुमार विद्यालय के कक्षा 6वी, 7वी, एवं 8वी के छात्रो को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री देव रामकुमार हनुमानगढी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुरू, श्री हनुमानगढी शिक्षण समिति दमोह के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता, सचिव पं. हरिशंकर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष स्वामी अशोक कुमार तिवारी, सहसचिव विजय सिंह ठाकुर, सदस्य राजेश दुबे, राजीव हजारी के साथ ही शाला के प्राचार्य, समस्त शालेय परिवार एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे ।

# केन बेतवा परियोजना से प्रभावित आदिवासी किसानों ने ज्ञापन सौपा

**दमोह।** जन संगठन एकता परिषद के नेतृत्व में बुधवार को दमोह कलेक्ट्रेट पहुंचकर केन बेतवा लिंक परियोजना, पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबन्धन एवं जिला शासन-प्रशासन से सतत रूप से पीड़ित एवं प्रभावित वंचित, गरीब,आदिवासी भाईयों ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को उनकी अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर श्री गिरी गोस्वामी को अपना आवेदन पत्र सौपा। इस सम्बन्ध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि राज्य शासन द्वारा छतरपुर जिले में केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत एक बडे बांध का निर्माण किया जा रहा है । उक्त बांध के निर्माण में शायद पन्ना टाईगर रिजर्व की कुछ भूमि बांध के डूब क्षेत्र में आ रही है। पीटीआर की उक्त डूब क्षेत्र मे आई भूमि की भरपाई करने के लिये शायद दमोह जिला के शासन-प्रशासन के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मनमाने ढंग से मडियादो क्षेत्र के जंगल मे आजादी के पूर्व से बसे अमझिर, भड़पुरा, घोघरा, घूरखेड़ा, दूला, उदयपुरा, मनकपुरा, बछामा, कारीबरा, कलकुआं आदि ग्रामों के आदिवासियों की राजस्व भूमि पीटीआर को सौपने की कार्यवाही शुरु कर दी है। इस आशय का एक पत्र दिनांक 19/12/2025 को अपर कलेक्टर दमोह व्दारा जारी भी कर किया गया है। इस पत्र मे इन प्रभावित गाँव की भूमि को आदिवासियों से छीनकर उन्हें बेदखल कर उक्त भूमि पीटीआर को सौंपने निर्देशित किया है। सुजात खान ने कहा कि उपरोक्त भूमि पर वर्षों से कब्जा अनुसार ये आदिवासी उस भूमि का भू स्वामी हक का पटटा पाने के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन स्थानीय शासन प्रशासन ने कभी ध्यान नहीं दिया। बल्कि उनको हटाने के आदेश जरूर समय पर बेधड़क जारी कर दिए गये। सुजात खान ने कहा कि लगता है कि जिला शासन प्रशासन ने दमोह जिले का विकास आदिवासियों का विनाश करके करने का निश्चय कर लिया है । आज चाहे नौरादेही अभ्यारण की बात हो, चाहे पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन निर्माण की बात हो ,चाहे केन बेतवा लिंक परियोजना निर्माण की बात हो, या नर्सरी निर्माण कर वृक्ष एवं पर्यावरण बचाने की बात हो। हर जगह सिर्फ आदिवासियों को ही जिले में भर परेशान कर उनकी जमीनों को अधिग्रहण कर छीना जा रहा है। श्री खान ने कहा कि शासन प्रशासन का ये व्यवहार वाकई बहुत ही वंचित विरोधी एवं चिंताजनक होने के अलावा अमानवीय है। आवेदन पत्र में सभी प्रभावित ग्रामों के आदिवासियों ने भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को तत्काल रोक कर शासन-प्रशासन से बरसों से काबिज उक्त राजस्व की भूमि का भू स्वामी हक का पट्टा देने की मांग की है। साथ ही मांग पूर्ति के अभाव में एक बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ये मांग पीड़ितों ने 22 दिसम्बर 2025 को कलेक्टर के समक्ष जिला समन्वयन बैठक मे भी उठाई थी। इस मौके पर बछामा पंचायत के उपसरपंच राधेलाल आदिवासी, सुंदर आदिवासी, प्यारेलाल आदिवासी, किसुन आदिवासी, सरजू आदिवासी , हाकम सिंह आदिवासी, लल्लू आदिवासी, पंचम आदिवासी, मोहन सिंह, इत्यादि जवाबदार मुखिया साथी मौजूद रहे।



# अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता में दमोह ने अनूपपुर को हराया



**दमोह।** हॉकी दमोह की टीम का विजय अभियान जारी है। दमोह बालाघाट मे आज से अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। हॉकी मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष विजय वर्मा के दिशानिर्देशन मे खेल गये तीसरे मैच मे हॉकी दमोह की टीम कोच रियाज के मार्गदर्शन मे हॉकी अनूपपुर को नो एक गोलो से पराजित कर अगले दौर मे प्रवेश किया। हॉकी दमोह की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर विजय प्राप्त की मैच मे समीर ने तीन, सियोन ने तीन सालिम कार्तिक यशवंत ने एक-एक गोल किया। कल बैतूल से मैच होगा। टीम को शुभकामनाये राजेश सालोमन विकास जैन शेख असार विवियन आदि ने दी है।

# बेलाताल पार्क में भारत रत्न अटल जी की प्रतिमा लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



25 दिसम्बर को श्रद्धेय अटल जी शताब्दी वर्ष का समापन है, 101 वीं जयंती है, इसलिए अटल जी जयंती के अवसर पर उनको चरणो में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, यह उनकी और अन्य लोगों की इच्छा थी कि यहाँ बेलाताल के समक्ष अटल जी की प्रतिमा लगे। उन्होंने नर्मदा खंड सेवा संस्थान का आभार व्यक्त किया जिसने इस इच्छा को पूरा किया, मूर्ति बनवाई और वह यहां लगी। अटल जी ने वो आयाम तय किए, दुनिया की राजनीति में सरकार का नेतृत्व, प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व यूएन (UN) में कोई विपक्ष का नेता करे, उस व्यक्ति का नाम अटल बिहारी वाजपेयी है। इस आशय के विचार प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने आज स्थानीय बेलाताल ऑडिटोरिम के समीप पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर 36.62 करोड़ के 105 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ । पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नेअटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के अनावरण पर खुशी व्यक्त की। पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अटल जी को अपनी प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बताया और कहा कि उन्होंने जीवन के संस्कार और संसद के भीतर और बाहर जो कुछ भी सीखा है, वह अटल जी की ही देन है। यह भी कहा अटल जी की 101वीं जयंती के अवसर पर इस प्रतिमा का अनावरण उनके लिए गर्व की बात है और वे इस कार्यक्रम में स्वयं को एक मुख्य अतिथि के बजाय इसका हिस्सा मानते हैं। भारत रत्न अटल जी की मूर्ति लगे यह मेरी इच्छा थी और नर्मदा सेवा संस्थान के साथ बैठकर हमने तय किया था और आज हम सभी ने मिलकर इसका लोकापर्ण किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यहाँ की पत्रकार समितियों और साहित्यिक संस्थाओं को इस स्थान को अपनी गतिविधियों का केंद्र बनाना चाहिए। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा जिनके विचारों को लेकर हम सब आगे बढ़े हैं और जो रोडमैप परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने तय किया था, उसको आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होने कहा जब भी सड़क की बात याद आएगी तो अटल जी को याद किए बिना कोई रह नहीं सकता। लेकिन जब प्रधानमंत्री सड़क की बात आती है तो अटल जी का चेहरा हमारे सामने आ जाता है।

प्रदेश कें संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा आज बड़ी प्रसन्नता का दिन है। उन्होंने कहा अटल जी के बारे में बात करना उनके बारे में बताना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है, अटल जी राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत प्रोत थे। बहुत अच्छी-अच्छी कविताएं लिखी कवि हृदय व्यक्तित्व थे । सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी जी की देन है, यह योजना जब प्रारंभ में शुरू हुई थी उनकी सोच यह थी कि हर ग्रामीण क्षेत्रो को बारहमासी सड़कों से जोड़ा जाये, जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो और उनका उत्पाद शहरी क्षेत्रो और मंडियो तक पहुच सके, उनको उत्पाद की पूरी लागत मिल सकें। विधायक हटा उमा देवी खटीक ने कहा आज यहां जो हम खड़े हैं यह भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की ही देन है। उन्होंने कहा अटल जी ने गांव-गांव प्रधानमंत्री सड़कें बनवाई आज हमारे किसान बंधु ग्रामीण क्षेत्र से अनाज उत्पाद लेकर आसानी से खरीदी केंद्रो और शहरों में पहुंच रहे है। विधायक श्रीमती खटीक ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने देश के चहुमुखी विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किया, देश को उन्नत देश बनाने के लिए लगातार काम किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा हम इंतजार कर रहे थे कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की मूर्ति यहां स्थापित हो, आज मूर्ति का स्थापना अनावरण हो गया है, उनकी जन्म जयंती को कल 101 वर्ष पूरे हो जाएंगे, जन्म जयंती की सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं । उन्होंने कहा हम उनकी कविताएं पढ़ते हैं तो मन में देशभक्ति की भावनाएं जागृत हो जाती हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर,पूर्व भाजपा अध्यक्ष पं. विद्यासागर पाण्डे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजु राय, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, सोनाबाई, नरेद्र व्यास, हेमंत छाबड़ा सीईओ जिपं प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम एलआर बागरी, नरेन्द्र बजाज, डॉ आलोक गोस्वामी, नरेन्द्र दुबे, शिवचरण पटैल, गोपाल पटैल, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद थे।

# यज्ञ स्थल पर कुंड का निर्माण शुरू

## राज्यमंत्री ने यज्ञ स्थल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



विधानसभा क्षेत्र जबेरा की उप तहसील नोहटा में मनुष्य में देवत्व काउदय धरती पर स्वर्ग के अवतरण हेतु उप तहसील प्रांगण में नव वर्ष पर दिनांक 6 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक 51 कुंडी है। गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर कुंदन का निर्माण शुरू हो गया है। यज्ञ स्थल पर राज्य मंत्री धर्मस्व विभाग मध्य प्रदेश शासन ने भ्रमण करके कुंडो का निर्माण देखा। गायत्री यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में किया जा रहा है जिसमें सबको बिना किसी भेदभाव के यज्ञ करने का अवसर प्रतिदिन मिलेगा। प्राप्त जानकारी में बताया गया कि प्रतिदिन कार्यक्रम में पुनस वन संस्कार,नामकरण संस्कार,अन्नप्राशन संस्कार, मुंडन संस्कार,विद्यारंभ संस्कार, दीक्षा संस्कार, विवाह संस्कार, प्रेरणा प्रद ढंग से निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम में कन्या कौशल शिविर एवं युवा चेतना शिविर के माध्यम से नई दिल्ली को संस्कारों एवं मानव मूल्यों का शि क्षण दिया जावेगा। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे जनप्रतिनिधियों के द्वारा युगसंदेश सुनाया जाएगा एवं देश की लंगड़ी लूली न्याय व्यवस्था जो की प्रभाव हीन है जिसमें भ्रष्टाचारियों को बचाया जाता है। अपराध करने वाले खुले में घूमते हैं जिस कारण लोगों का न्याय व्यवस्था पर से विश्वास उठता जा रहा है। यज्ञ में अपना समय दान करने वाले कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर के यज्ञ में पधारने का निमंत्रण दे रहे है। अभी तक 50 ग्रामों में यज्ञ का निमंत्रण दिया जा चुका है कार्यक्रम प्रभारी हाकम सिंह पूर्व प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव-गांव की जनता में यज्ञ के प्रति विशेष रुचि दिखाई दे रही है वह तन मन धन से यज्ञ में सहयोग कर रहे है।

# सफलता प्राप्त करने वाले दो पूर्व छात्रों का किया सम्मान




**सिंग्रामपुर।** जबेरा जनपद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर में गुरुवार को गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब विद्यालय के दो पूर्व होनहार विद्यार्थियों का अपनी सफलता के बाद प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय से वर्ष 2016 बैच में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले पूर्व छात्र शुभम ठाकुर, जिनका चयन सीआईएसएफ (पैरामिलिट्री फोर्स) में होकर वर्तमान में मुंबई में पदस्थ हैं, तथा आदर्श सोनी, जिनका चयन रेलवे टेक्नीशियन पद पर होकर इंदौर में पदस्थ हैं, ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। दोनों सफल पूर्व छात्रों ने अपने संघर्ष, मेहनत और अनुशासन से जुड़े अनुभव साझा करते हुए वर्तमान छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण, निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया। उनके प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विनोद झारिया एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दोनों प्रतिभाशाली पूर्व छात्रों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसे सफल पूर्व छात्रों का आगमन न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

# क्रिसमस और न्यू ईयर की खुशी में गर्म कपड़े और कंबल बांटे

**दमोह।** मानव सेवा ही परम धर्म है इसी पंक्ति को चरितार्थ करते हुए पंजाबी महिला विकास समिति दमोह की महिलाओं के द्वारा आज श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क में क्रिसमस और न्यू ईयर की खुशी में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया, इसका मुख्य उद्देश्य यही था कि इस समय दमोह शहर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, अतः ठंड से बचाव के लिए गरीबों को मानव सेवा के तहत गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाये जिसमें पंजाबी समाज की बहुत सी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस नेक कार्य के लिये नए साल की शुरुआत में और भी अच्छे काम करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति की चेयरपर्सन डॉ रितु दुआ अध्यक्ष श्रीमती सोनिया अरोरा उपाध्यक्ष अनीता वाधवा सचिव शुची अरोरा के साथ अन्य सदस्य मंजू मोंगिया नीटो गांधी अनमोल गांधी ,श्वेता सरीन, शिल्पा पायल खत्री रावत और अन्य सदस्यों की भी मौजूदगी रही।

In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court,Damoh
Presiding Officer: सूश्री स्नेहा सिंह
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000019/2025)
हीरा बाई........................ .......आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया... अनावेदक
TID-4212/25
Process Id-263/2025
पेशी दिनांक :- 29/01/2026
प्रेषिती-
(1) आम जनता, पता- दमोह जिला दमोह म प्र
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरा बाई ने मृतक स्व. प्रताप सिंह ठाकुर निवासी मारूताल जिला दमोह की भारतीय स्टेट बैंक शाखा टंडन काम्पलेक्स दमोह में 24,04,938 अंकन चौबीस लाख चार हजार नौ सौ अढ़तीस रुपए राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 29 January 2026 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 29 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
स्नेहा सिंह
मुद्रा
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
जिला दमोह (म.प्र.)